# परियोजना प्रबन्धन इकाई

**स्वजल परियोजना**
उत्तराखण्ड ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता परियोजना
(पेयजल विभाग, उत्तराखण्ड)
दि इन्स्टीट्यूषन ऑफ इन्जीनियर्स, बिल्डिंग, प्रथम तल
दिल्ली (सहारनपुर) रोड, अपोजिट आई0एस0बी0टी0 देहरादून–248171
**फोन** : 0135-2643455, 2643380 **फैक्स** : 0135-2643381
Web Site: http://swajal.uk.gov.in E-mail : pmu_uttaranchal@rediffmail.com

<u>विज्ञप्ति संख्या 01/2016–17</u>

## <u>प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति</u>

स्वजल परियोजना उत्तराखण्ड राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधीन एक पंजीकृत संस्था है, जो ग्रामीण समुदायों की नियोजन, क्रियान्वयन एवं रख–रखाव में सहभागिता के माध्यम से जलापूर्ति एवं स्वच्छता कार्यो के स्थायित्व विकास का कार्य कर रही है। उक्त कार्य उत्तराखण्ड राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें अधिकाशतः **ग्राम पंचायतों के साथ बैठक, कार्यशालायें आयोजित कर स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम तथा विश्व बैंक सहायतित परियोजना के अधीन मांग आधारित पेयजल योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है।** विश्व बैंक पोषित स्वजल परियोजना के प्रस्तावित द्वितीय चरण के अन्तर्गत परियोजना प्रबन्धन इकाई, (पी0एम0यू0) स्वजल परियोजना, देहरादून एवं जनपदीय परियोजना प्रबन्धन इकाईयों (डी0पी0एम0यू0) के लिये वर्तमान में रिक्त तथा भविष्य में रिक्त होने वाले इकाई समन्वयक (तकनीकी), परियोजना प्रबन्धक, उप परियोजना प्रबन्धक एवं प्रबन्धक (लेखा) के पद को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरे जाने हेतु एक सूची (Empanelment) तैयार करने एवं तदनुसार योजित किये जाने हेतु परियोजना में कार्य करने के इच्छुक राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार/विभिन्न विभागों के उपक्रम/संस्थानों में कार्यरत अनुभवी अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र निम्न वर्णित पात्रता के अनुसार उनके विभागाध्यक्ष द्वारा प्रति–हस्ताक्षरित एवं प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित **दिनांक 28 मार्च, 2016** तक स्वयं, ई–मेल अथवा डाक द्वारा उपरोक्त पते पर आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्रम सं0 | पदनाम | वेतनमान (रूपये) | पात्रता |
|---|---|---|---|
| 1. | इकाई समन्वयक (तकनीकी) | 12000–16500 (अपुनरीक्षित) 15600–39100 (पुनरीक्षित) ग्रेड वेतन–7600 | स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे वेतनमान रू0 10000–15200 (अपुनरीक्षित) वर्तमान वेतनमान 15600–39100 (पुनरीक्षित) ग्रेड वेतन–6600 (पुनरीक्षित) में कार्यरत परियोजना/सेक्टर के अनुभवी अभियन्ता। |
| 2. | परियोजना प्रबन्धक | 12000–16500 (अपुनरीक्षित) 15600–39100 (पुनरीक्षित) ग्रेड वेतन–7600 | स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे वेतनमान रू0 10000–15200 (अपुनरीक्षित) वर्तमान वेतनमान 15600–39100 (पुनरीक्षित) ग्रेड वेतन–6600 (पुनरीक्षित) में कार्यरत परियोजना/सेक्टर का अनुभव रखने वाले अधिकारी/ अभियन्ता। |
| 3. | उप परियोजना प्रबन्धक | 10000–15200 (अपुनरीक्षित) 15600–39100 (पुनरीक्षित) ग्रेड वेतन–6600 | स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे वेतनमान रू0 8000–13500 वर्तमान वेतनमान 15600–39100 (पुनरीक्षित) ग्रेड वेतन–5400 (पुनरीक्षित) में कार्यरत परियोजना/सेक्टर का अनुभव रखने वाले अधिकारी/ अभियन्ता। |
| 4. | प्रबन्धक (लेखा) | 7450–11500 (अपुनरीक्षित) 9300–34800 ग्रेड वेतन–4600 (पुनरीक्षित) | 1. स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे वेतनमान रू0 7450–11500 (अपुनरीक्षित) वर्तमान वेतनमान ग्रेड वेतन–4200 (पुनरीक्षित) के उपयुक्त वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकार।<br>2. इससे उच्च वेतनमान पा रहें वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकारों को उनके मूल विभाग में देय वेतन को संरक्षित किया जायेगा।<br>3. प्रतिनियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थी प्राप्त न होने की दशा में राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के सेवा निवृत लेखाकारों जिनकी आयु 01 मई, 2016 को 64 वर्ष से कम है उनकी नियुक्ति अन्तिम आहरित वेतन माइनस पेंशन के आधार पर किए जाने पर विचार किया जायेगा। |

यदि किसी अभ्यर्थी को इस कार्यालय द्वारा प्रतिनियुक्ति पर लिये जाने सम्बन्धी पत्र निर्गत करने के उपरान्त एक माह की अवधि तक उनके विभागाध्यक्ष द्वारा उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया जाता है, तो उनका अभ्यर्थन स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा। परियोजना प्रबन्धकों एवं उप–परियोजना प्रबन्धकों हेतु सिविल/अभियांत्रिकी अभियन्ताओं को वरीयता दी जायेगी।

प्रतिनियुक्ति पर लिये जाने के उपरान्त अनुमन्य सुविधाये जैसे वेतन, पेंशन अंशदान, ग्रेच्युटी, एल0टी0सी0, चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति, परियोजना भत्ता, मकान किराया भत्ता एवं मोबाईल फोन बिल हेतु निर्धारित सीमा तक व्यय की प्रतिपूर्ति परियोजना द्वारा की जायेगी। सभी पदों हेतु स्वीकृत वेतनमान की सीमा तक पैतृक विभाग में प्राप्त वेतनमान से एक उच्च श्रेणी वेतनमान ही देय होगा। अनापत्ति प्रमाण पत्र ले कर ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करना वांछनीय है।

**आवेदन पत्र निम्न प्रारूप में (ए–4 पेपर पर टंकित कर) प्रेषित किया जायेगा–**

1.) आवेदित पद का नाम, 2) अभ्यर्थी का नाम, 3) जन्म तिथि, 4) शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव, 5) पैतृक विभाग का नाम एवं पत्राचार हेतु पता, 6) कार्यालय का नाम एवं पत्राचार हेतु पता जहां वर्तमान में कार्यरत हैं, 7) वर्तमान में धारित पद का नाम, 8) वर्तमान वेतनमान एवं उसमें नियुक्ति की तिथि, 9) फोन, फैक्स नम्बर (कार्यालय एवं स्वयं), 10) ई–मेल का पता, उक्त प्रारूप स्वजल परियोजना की बेबसाईट http://swajal.uk.gov.in पर भी उपलब्ध है।)

उपरोक्त आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी के पांच वर्षों की चरित्र प्रविष्टियों की प्रमाणित प्रतियां भी भेजी जानी आवश्यक है, साथ ही यह भी प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा कि कार्यमुक्त अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कोई अनुशासनिक एवं विभागीय जांच लम्बित नहीं है और ना ही पूर्व में उन्हें कभी दण्डित किया गया है, ऐसे सभी अभ्यर्थी जिनकी पात्रता उनके सम्मुख पदनाम के अनुसार संतोषजनक पायी जायेगी, उन्ही अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन पर विचार किया जायेगा।

उक्त विज्ञापन स्वजल परियोजना की बेबसाईट http://swajal.uk.gov.in पर देखा जा सकता है।

**निदेशक, स्वजल**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदित पद का नाम | : |
| 2. | अभ्यर्थी का नाम। | : |
| 3. | जन्म तिथि। | : |
| 4. | शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव। | : |
| 5. | पैतृक विभाग का नाम एवं पत्राचार हेतु पता। | : |
| 6. | कार्यालय का नाम एवं पत्राचार हेतु पता जहां वर्तमान में कार्यरत हैं। | : |
| 7. | वर्तमान में धारित पद का नाम। | : |
| 8. | वर्तमान वेतनमान एवं उसमें नियुक्ति की तिथि। | : |
| 9. | फोन, फैक्स नम्बर (कार्यालय एवं स्वयं)। | : |
| 10. | ई–मेल का पता। | : |
| 11. | सलंग्नकों की संख्या। | : |
| | | : |

पासपोर्ट साईज
फोटो स्वप्रमाणित

हस्ताक्षर

नाम..........................................................

पदनाम ..................................................

मोबाईल न0..........................................